GRAVITA

GRAVITA INDIA LTD.
Corp. Office : 402,Gravita Tower, A-27 B, Shanti Path
Tilak Nagar, Jaipur-302 004, Rajasthan (INDIA)
Phone . +91-141-2623266, 2622697 Fax : +91-141-2621491
E.mail : info@gravitaindia.com Web. : www.gravitaindia.com
CIN : L29308RJ1992PLC006870

**26th November, 2020**
**GIL/2020-21/63**

To

| | |
|---|---|
| The BSE Ltd.<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street<br>Mumbai – 400 001<br>Fax No.: 022- 22723121/ 22722037<br>Scrip Code: 533282 | The Listing Department<br>National Stock Exchange of India Ltd.<br>Exchange Plaza, C -1, Block - G,<br>Bandra - Kurla Complex, Bandra (E)<br>Mumbai – 400 051<br>Fax No.: 022 – 26598237/38<br>Company Code: GRAVITA |

**Sub.: Submission of copy of the newspaper advertisement in respect of transfer of equity shares of the company to the Investor Education and Protection Fund (IEPF) Suspense Account.**

Dear Sir/Madam

Pursuant to Regulation 47(3) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we enclose a copy of the Notice published in the Newspapers [The Financial Express (English) and Nafa Nuksan (Hindi)] in connection with proposed transfer of Equity Shares to the Investor Education and Protection Fund (IEPF) Suspense Account pursuant to the provisions of section 124(6) of the Companies Act, 2013 and the rules referred there under.

Kindly take the same on record.

**Yours Faithfully**

For **Gravita India Limited**

GRAVITA INDIA LIMITED

**Nitin Gupta**
**(Company Secretary)**
**FCS – 9984**

**Encl.: As Above**

Works & Regd. Office :
"SAURABH" Chittora Road, Diggi Malpura Road,
Tehsil : Phagi, Jaipur-303 904, Rajasthan (INDIA)
Phone : +91-99280 70682 E.mail : works@gravitaindia.com

We Recycle to Save Environment

# Pak host to largest number of UN-proscribed terrorists, should remember Abbottabad: India

PRESS TRUST OF INDIA
United Nations, Nov 25

INDIA HAS REMINDED Pakistan, the host to the world's largest number of UN proscribed terrorists and entities, of Abbottabad, the garrison city where al-Qaeda leader Osama bin Laden hid for years and was killed, in a hard-hitting response as Islamabad's UN envoy gave a 'dossier of lies' to secretary general Antonio Guterres. India's Permanent Representative to the UN, ambassador T S Tirumurti on Tuesday tweeted that the "dossier of lies presented by Pakistan enjoys zero credibility".

"Concocting documents and peddling false narratives is not new to Pakistan, host to the world's largest number of UN proscribed terrorists and entities. Remember Abbottabad!" he said.

Tirumurti's tweet was in response to Islamabad's UN envoy Munir Akram meeting Guterres to hand over the dossier from the Pakistan government that alleged India was promoting terrorism in the country.

---

**इंडियन बैंक Indian Bank**
**इलाहाबाद ALLAHABAD**

**MEGA E-AUCTION 28.12.2020 SALE NOTICE**

**ZONAL OFFICE, MEERUT, 55 THE MALL, MEERUT CANTT**

**Public Notice for E-Auction Sale of Immovable Properties**

**E-Auction Sale Notice for Sale of Immovable Assets under the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 read with provison to Rule 8 (6) of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002.** Notice is hereby given to the public in general and in particular to the Borrower (s) and Guarantor (s) that the below described immovable property mortgaged/charged to the Secured Creditor, the **physical /constructive / Symbolic** (whichever is applicable) possession of which has been taken by the **Authorized Officer of Indian Bank**(e-Allahabad Bank), Secured Creditor, will be sold on **"As is where is", "As is what is", and "Whatever there is"** Basis on the below mentioned dates, for recovery of under mentioned dues & future interest, charge and cost etc as detailed below. The reserve price and EMD amount for each property has been furnished below.

| Sl. No. | Name of the Branch Name and Address of the Borrower/ Guarantor | Details of the Property Type of Possession | Outstanding dues ad per 13(2) notice for which property is being sold | Date & Time of E-Auction Last date & Time of Submission of EMD and documents | A) Reserve Price B) EMD C) Bid Multiplier | Contact Details |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **BRANCH: MEERUT DELHI CHUNGI** 1. M/s Novachem Biotech (proprietor Mr. Sanjay Sharma) 940, Shiv Shakti Nagar, Meerut. 2. Mr. Sanjay Sharma S/o Sh. Rajpal Sharma (Borrower) 3. Smt. Rajdulari w/o Mr. Rajpal Singh (Mortgagor & guarantor) All residents of 940, Shiv Shakti Nagar, Meerut. | Property 1: House No 1077 Old No 1082, Shiv Shakti Nagar, Meerut, Part of Khasra No 2450 measuring 130sq yards. **Boundaries:** East:55'/House of Akhilesh Sharma, West: 55'/ Property of Suraj North: 21/ House of Chaman South: 21'/ 12'wide rasta **SYMBOLIC POSSESSION** | **Rs.41,88,887.00** as on 04.05.2018 and interest and other charges | 28.12.2020 from 11 A.M to 2 PM with unlimited extension. 23.12.2020 , 11 A.M **Property ID No.: IDIBAL1280NOV01** | Rs. 34,61,000/- Rs. 3,47,000/- Rs. 10,000/- | Shri Pankaj Jain 0121-2513908 |
| 2. | **BRANCH: MEERUT DELHI CHUNGI** 1. M/s. Delight Furniture House proprietor Mohd Irfan S/o Mohd Ahmad, Madina Colony, Village-Lisari, Meerut 2. Mohd Irfan S/o Mohd Ahmad R/o H No 768, constructed on Plot no 241-B, Madina Colony, Lisari gate, Meerut (Borrower) 3. Mohd Aslam S/o Mohd Intiaz R/o Madina Colony, Village-Lisari, Meerut (Guarantor) | **Property 1**: House municipal no 768 constructed on Plot No 241-B, with Khasra No 4, measuring 100 sq yards i.e 83.61 sq mts, situated at Madina Colony, Revenue Village Lisari, Meerut **Boundaries:** East: 60'/ Plot of Istikhar West: 60'/ Others Plot North: 15/20'wide rasta South: 15'/Plot of Nahid Niwati **PHYSICAL POSSESSION** | **Rs. 29,68,468.00** as on 16.05.2017 and interest and other charges | 28.12.2020 from 11 A.M to 2 PM with unlimited extension. 23.12.2020 , 11 A.M **Property ID No.: IDIBAL1280DEL01** | Rs. 17,00,000/- Rs. 1,70,000/- Rs. 10,000/- | Shri Pankaj Jain 0121-2513908 |
| 3. | **BRANCH: MEERUT DELHI CHUNGI** 1. M/s Shashi Enterprises proprietor Mr. Khush Malhotra S/o Mr. Ramesh Chand Shop no 4, Kotla Bazar, Meerut 2. Mr. Khush Malhotra S/o Mr. Ramesh Chand R/o 831, Shiv Shakti Nagar, Meerut(Borrower) 3. Smt. Surabhi w/o Lt. Sh. Jai Kishan Malhotra R/o 831, Shiv Shakti Nagar, Meerut(Legal heir of deceased Sh. Jai Kishan Malhotra (Guarantor)) 4. Sh. Brahm Singh S/o Sh. Hari Singh R/o 519, New Dev Puri, Mahavirji Nagar, Meerut (Guarantor) | Property 1: Shop no 4(At ground floor) part of house no 77 then 79A (old) and 41(new) Near Kotla Masjid, Kailash Bhawan complex, Meerut measuring towards east 8' towards west 8', towards north 10' and towards south 10.5 measuring 7.62 sq mtr. **Boundaries:** East: House of others West: Gallery North: Godown of Anees South: Shop no 5 of Mrs Shashi Bala **SYMBOLIC POSSESSION** | **Rs. 28,16,958.00** as on 05.10.2019 and interest and other charges | 28.12.2020 from 11 A.M to 2 PM with unlimited extension. 23.12.2020 , 11 A.M **Property ID No.: IDIBAL1280SHA01** | Rs. 16,81,000/- Rs. 1,70,000/- Rs. 10,000/- | Shri Pankaj Jain 0121-2513908 |
| 4. | **BRANCH: MEERUT DELHI CHUNGI** 1. M/s Jaya Garments proprietor Mr. Jai Kishan S/o Mr. Ramesh Chand Shop no 5, Kailash Complex, Kotla Bazar, Meerut 2. Mr. Jai Kishan S/o Mr. Ramesh Chand R/o 831, Shiv Shakti Nagar, Meerut (Borrower) 3. Smt. Surabhi w/o Lt. Sh. Jai Kishan R/o 831, Shiv Shakti Nagar, Meerut (Legal heir of deceased Sh. Jai Kishan (Borrower) 4. Smt. Shashi Bala W/o Mr. Ramesh Chandra Malhotra R/o 831, Shiv Shakti Nagar, Meerut (Mortgagor & Guarantor) 5. Sh. Brakm Singh S/o Sh. Hari Singh R/o 519, New Dev Puri, Mahavirji Nagar, Meerut (Guarantor) | Property 1: Shop bearing Municipal no 41/2A, Private No 5 constructed on part of property no 41(Old no 77-79) situated at Kailash Bhawan Kotla, Meerut measuring 7.80 sq mtr. **Boundaries:** East: 8'/House of others West:8'/Gallery North: 10.5'/Shop No 4 South: 10.5'/Shop No 6 **PHYSICAL POSSESSION** | **Rs. 26,01,260.00** as on 03.10.2018 and interest and other charges | 28.12.2020 from 11 A.M to 2 PM with unlimited extension. 23.12.2020 , 11 A.M **Property ID No.: IDIBAL1280JAY01** | Rs. 17,28,000/- Rs. 1,73,000/- Rs. 10,000/- | Shri Pankaj Jain 0121-2513908 |
| 5. | **BRANCH: MEERUT CANTONMENT** Sh. Harmeet Singh S/o Sh. Baldeo Singh R/o 47,Jagdish Nagar, Ghaziabad 2. Sh. Harmeet Singh S/o Sh. Baldeo Singh B-217/2, Lohia Nagar, Ghaziabad | **Property 1:** Residential flat no 705, Sixth floor in H Tower, measuring 550 sq ft i.e 51.09 sq.mtr, at Supertech green Village, situated at Hapur Bye pass, Meerut. **Boundaries:** As per site plan **SYMBOLIC POSSESSION** | **Rs. 9,50,513.00** as on 04.02.2020 and interest and other charges | 28.12.2020 from 11 A.M to 2 PM with unlimited extension. 23.12.2020 , 11 A.M **Property ID No.: IDIBAL0142HAR01** | Rs. 15,36,000/- Rs. 1,54,000/- Rs. 10,000/- | Shri Umesh Bhardwaj 0121-2645660 |
| 6. | **BRANCH: MEERUT CANTONMENT** M/s R.K.V Kitchen N Bath (Proprietor Sh. Vaibhav Jain) 64,1st floor, Begum Bridge Road, Meerut 1. Sh Vaibhav Jain S/o Sh. Ravindra Kumar Jain (Borrower) 2. Smt. Khushboo Jain w/o Sh. Vaibhav Jain (Guarantor & Mortgagor) 3. Sh. Ravindra Kumar Jain (Guarantor) All residents of H.No 47, Punjabi Pura, Delhi Road, Meerut | **Property 1**: House bearing municipal no 75/1, Western Kutchery Road, Previous no 75, Old no 68, Oldest no 111, measuring 231.20 sq. yards i.e 193.30 sq.mtr situated at Chippi Tank, Near Hira Lal Hospital in Gali opposite to Kothi of Pyare Lal Jain, Race Wale, Meerut. **Boundaries:-** East: Patels Play School & Vedika Printers West:Other's Property North:Nala, Bridge on nala thereafter Nala Patri South: 8'wide gali **SYMBOLIC POSSESSION** | **Rs. 53,72,953.00** as on 31.08.2019 and interest and other charges | 28.12.2020 from 11 A.M to 2 PM with unlimited extension. 23.12.2020 , 11 A.M **Property ID No.: IDIBAL0142RKV01** | Rs. 67,40,000/- Rs. 6,74,000/- Rs. 10,000/- | Shri Umesh Bhardwaj 0121-2645660 |
| 7. | **BRANCH: MEERUT CANTONMENT** Smt. Sunita Mittal, Sh. Vipul Mittal and Sh. Shailendra Kumar Mittal All residents of H.No 175/2, Krishna Building, Subhash Nagar, Meerut | **Property 1:** Residential flat no 003, Ground floor, measuring 1825 sq. ft, Tower B4 situated at Supertech Meerut Sports City, Roorkee Road, Meerut. **Boundaries :** East: Open to sky West: Passage North: Open to sky South: Lift/Flat no 004 **SYMBOLIC POSSESSION** | **Rs. 51,55,081.00** as on 31.01.2020 and interest and other charges | 28.12.2020 from 11 A.M to 2 PM with unlimited extension. 23.12.2020 , 11 A.M **Property ID No.: IDIBAL0142SUN01** | Rs. 62,58,000/- Rs. 6,26,000/- Rs. 10,000/- | Shri Umesh Bhardwaj 0121-2645660 |
| 8. | **BRANCH: MEERUT RITHANI** 1. Smt. Seema Mittal w/o Sh. Sanjeev Mittal (Borrower & Mortgagor) 2. Sh. Sanjeev Mittal S/o Sh. Suresh Chand Mittal (Borrower) Both residents of A-5, Rajkamal Enclave, Rithani Delhi Road, Meerut 1. Sh. Rishab Mittal S/o Sh. Sanjeev Mittal R/o A-5, Rajkamal Enclave, Rithani Delhi Road, Meerut (Guarantor)., 2. Sh. Piyush Gupta S/o Sh. Vimal Kumar Gupta R/o F-415, Supertech, palm Green, Hapur Bye pass Road, Meerut (Guarantor). | **Property 1:** Land & Building of House No A-20, constructed on plot no 421/6, 431, 429 measuring East Side 96'9" West side 93'9", North side 30'-0", South side 30'-0" total measuring area 264.77 sq mtr or 316.67 sq yards, situated at Rajkamal Enclave, Delhi Road, Rithani, Meerut, District Meerut **Boundaries:** East: Plot/House no A-21 West: Plot/House no A-19 North: Road 30-0" wide South: Property of others **SYMBOLIC POSSESSION** | **Rs. 77,43,247.00** as on 26.08.2019 and interest and other charges | 28.12.2020 from 11 A.M to 2 PM with unlimited extension. 23.12.2020 , 11 A.M **Property ID No.: IDIBAL2183SAN01** | Rs. 1,91,24,000/- Rs. 19,13,000/- Rs. 10,000/- | Shri Alok Mishra 9452275130 |
| 9. | **BRANCH: MEERUT RITHANI** 1. Sh. Parminder Singh Khurana S/o Sh. Jagjit Singh 2. Smt. Daljeet Kaur Khurana w/o Sh. Parminder Singh Khurana 3. Sh. Baltej Singh Khurana S/o Sh. Parminder Singh Khurana 4. Km. Purva Singh D/o Sh. Parminder Singh Khurana All residents of Villa No 38, Supertech Green, Village- Noor nagar, Hapur Bye Pass Road, Meerut, | **Property 1:** A Residential Villa 38 measuring area 2886 sq.ft situated at Supertech Green Village-Noor Nagar, Hapur Bypass Road, Meerut District Meerut **Boundaries:** East: Road West: Open Area North: Villa no 39 South: Villa no 37 **SYMBOLIC POSSESSION** | **Rs. 66,47,286.00** as on 04.05..2019 and interest and other charges | 28.12.2020 from 11 A.M to 2 PM with unlimited extension. 23.12.2020 , 11 A.M **Property ID No.: IDIBAL2183PAR01** | Rs. 87,55,000/- Rs. 8,76,000/- Rs. 10,000/- | Shri Alok Mishra 9452275130 |
| 10. | **BRANCH: SHASTRI NAGAR ,MEERUT** 1. Sh. Ravi Prakash S/o Sh. Ram Kishor (Borrower & Mortgagor) 2. Sh. Rahul Kumar S/o Sh. Ram Kishor (Borrower & Mortgagor) Both residents of 65/3, Tejgarhi, Garh Road, Opp. Telephone Exchange, Meerut | **Property 1:** Residential property measuring 73.03 sq.mtr (87.34 sq yds) bearing flat no F-C-29, first floor, Golf Live residential Colony, Part of Khasra No 1252, Village Datawali Gesupur, Meerut. **Boundaries:**East: Road 18 mtr wide,West: Plot No C-07,North: Stairs afterward Flat no C-28, South: Flat after wall afterward 9 mt. wide road **PHYSICAL POSSESSION** | **Rs. 20,14,647.00** as on 30.06.2018 and interest and other charges | 28.12.2020 from 11 A.M to 2 PM with unlimited extension. 23.12.2020 , 11 A.M **Property ID No.: IDIBS234RAHUL01** | Rs. 24,70,000/- Rs. 2,47,000/- Rs. 10,000/- | Shri Akshay Maharotra 8449088884 |
| 11. | **BRANCH: MEERUT DEVELOPMENT AUTHORITY** M/s Shree Jagdish Prakash & Varun Kumar 196, Kesar Ganj, Main Bazaar, Meerut 2. Smt. Manju Devi W/o Sh. Arun Jindal R/o 196, Kesar Ganj, Main Bazaar, Meerut 3. Sh. Ankur Agarwal 196, Kesar Ganj, Main Bazaar, Meerut | **Property 1**: Two plots, both measuring 360 sq yards part of Khasra no 137/2 & 140/2, situated at Aurang shahpur, Golabadh, Pargana, Tehsil & Distt Meerut. **Boundaries: Plot No 1:** East:51'6"/Private rasta Chaudhary Sahab West: 56'6"/12' wide road North: 39'6"/ property of others South: 39'/ Remaining property of owner **Plot No** 2: East:45'/12'wide road West: 42'6"/ property of others North: 27'6"/ property of others South: 29'6"/ Remaining property of owner **SYMBOLIC POSSESSION** | **Rs. 25,43,343.00** as on 25.07.2019 and interest and other charges | 28.12.2020 from 11 A.M to 2 PM with unlimited extension. 23.12.2020 , 11 A.M **Property ID No.: IDIBAL2075JAG01** | Rs. 53,40,000/- Rs. 5,34,000/- Rs. 10,000/- | Smt. Bindu 0121-2647695 |
| 12. | **BRANCH: MEERUT DEVELOPMENT AUTHORITY** M/s Madhav Dairy (Proprietor Sh. Suchitra Goel) 1414, Gali No 4,Indira nagar-1, Meerut 1. Sh. Suchitra Goel S/o Sh. Brijesh Goel R/o 1414, Gali No 4, Indira Nagar-1, Meerut (Borrower) 2. Smt. Veermati W/o Sh. Vijay Pal Singh R/o House no 217, Anoopnagar, Fazalpur,Meerut (Guarantor & Mortgagor) | **Property 1**: Plot within Khasra no 19 measuring 300 sq.yards i.e 251.00 sq mtr situated near SBI, Fazalpur branch St Peters School at Village Anoopnagar Fazalpur, Meerut **Boundaries:** East: 54'/20" wide road West: 54'/ Property of mandir North:50'/Road South: 50'/ House of others **SYMBOLIC POSSESSION** | **Rs. 35,89,063.00** as on 14.11.2019 and interest and other charges | 28.12.2020 from 11 A.M to 2 PM with unlimited extension. 23.12.2020 , 11 A.M **Property ID No.: IDIBAL2075MAD01** | Rs. 34,30,000/- Rs. 3,43,000/- Rs. 10,000/- | Smt. Bindu 0121-2647695 |
| 13. | **BRANCH: MEERUT DEVELOPMENT AUTHORITY** 1.Smt. Pratibha Gupta W/o Sh. Sunil Gupta Old no 268 New No 580, Mohalla Shiv Shakti Nagar, Near Pipleshwar Mandir, Meerut 2. Smt. Pratibha Gupta W/o Sh. Sunil Gupta 27/21N, Shiv Shakti Nagar, Meerut | **Property 1:** House no 268, Shiv Shakti nagar, Meerut having area 35.00 sq yards. **Boundaries:** East:11'/Property of Rajesh Lodhi, Lokesh & Mamta West: 11'/Rasta North: 26'7"/ Pipleshwar Mandir South: 26'7"/ Property of Lokesh & Abhishek **SYMBOLIC POSSESSION** | **Rs. 9,43,602.00** as on 27.09.2019 and interest and other charges | 28.12.2020 from 11 A.M to 2 PM with unlimited extension. 23.12.2020 , 11 A.M **Property ID No.: IDIBAL2075PRA01** | Rs. 10,79,000/- Rs. 1,10,000/- Rs. 10,000/- | Smt. Bindu 0121-2647695 |
| 14. | **BRANCH: MEERUT DEVELOPMENT AUTHORITY** M/s Goyal Slide House (Proprietor Sh. Ambuj Goyal) Pratap Nagar, Vill-Datawali Gesupur, Meerut 1. Sh Ambuj Goel S/o Lt. Sh. Rajendra Goel(Borrower) R/o 394/5, Nehru Nagar,Meerut 2. Sh Ambuj Goel S/o Lt. Sh. Rajendra Goel(Borrower) R/o 169, Pravesh Vihar Colony, Shastri Nagar, Meerut 3. Sh. Satish kumar S/o Sh. Ramesh Chandra R/o 131, Nehru Nagar, Meerut(Guarantor) 4. Sh. Hari Pal S/o Sh. Ram Pal Jumla R/o 743/1, Phool bagh Colony, Meerut (Guarantor) | **Property 1**: Plot within Khasra no 08 measuring 205.00 sql mtr situated at Datawali Gesupur, Meerut **Boundaries:** East:24'4"/20' wide road West: 29'4"/ 20'wide road North: 75'/ Plot of Swati Goel South:75'/Property of Ambuj Goel **SYMBOLIC POSSESSION** | **Rs. 56,96,893.00** as on 27.09.2019 and interest and other charges | 28.12.2020 from 11 A.M to 2 PM with unlimited extension. 23.12.2020 , 11 A.M **Property ID No.: IDIBAL2075SLID1** | Rs. 37,50,000/- Rs. 3,75,000/- Rs. 10,000/- | Smt. Bindu 0121-2647695 |

Bidders are advised to visit the website (**www.mstcecommerce.com**) of our e auction service provider MSTC Ltd to participate in online bid. For Technical Assistance Please call MSTC HELPDESK No. 033-22901004 and other help line numbers available in service providers help desk. For Registration status with MSTC Ltd, please contact ibapiop@mstcecommerce.com and for EMD status please contact ibapifin@mstcecommerce.com. For property details and photograph of the property and auction terms and conditions please visit: **https://ibapi.in** and for clarifications related to this portal, please contact help line number „18001025026" and „011-41106131". **Bidders are advised to use Property ID Number** mentioned above while searching for the property in the website with **https://ibapi.in** and **www.mstcecommerce.com**

**Date : 25.11.2020** **Place: Meerut** **Authorised Officer,**

---

**GRAVITA INDIA LIMITED**

**Regd. & Works Office:** 'SAURABH', Chittora Road, Harsulia Mod, Diggi-Malpura Road, Teh.: Phagi, Jaipur – 303 904
**CIN : L29308RJ1992PLC006870**

**NOTICE TO SHAREHOLDERS**

For transfer of shares to the Investor Education and Protection Fund (IEPF) Account
**(As per Section 124(6) of the Companies Act 2013)**

In terms of requirements of Section 125(6) of the Companies Act, 2013 read with the Investor Education and Protection Fund (IEPF) Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Amendments Rules, 2017 the company is required to transfer all shares, in respect of which the dividend remains unpaid or unclaimed for a period of 7 consecutive years to the IEPF Account established by the Central Government.

Notice is hereby given pursuant to the provisions of Section 124 of the Companies Act, 2013 ("Act") read with the Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 and the Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Amendment Rules, 2017 ("Rules") notified by the Ministry of Corporate Affairs, that the Company is required to transfer unpaid / unclaimed dividend(s) and shares in respect of which dividend has remained unpaid / unclaimed by the shareholders for seven consecutive years or more, to the Investor Education and Protection Fund ("IEPF") Account. A list of such Shareholders, who have not encased their dividends for 7 consecutive years and whose shares are therefore liable for transfer to the IEPF Account, is displayed on the website of the company **www.gravitaindia.com.**

Accordingly, Company has sent specific communication to the concerned shareholders whose shares are liable to be transferred to IEPF Authority during F.Y. 2020-21 under the said rules at their addresses registered with the Company, Inter-alia, providing the details of these shares in transfer to IEPF.

The last date for the concerned shareholders to approach the company claiming these shares is 15.02.2021failing which the Company shall transfer the shares to IEPF Authority in accordance with procedure prescribed under IEPF Rules. It may be noted that if no response or claim is received by the Company or the Registrar on or before 15.02.2021, the Company will be constrained to transfer such unpaid/unclaimed dividend(s) and shares to the IEPF Account, without any further notice.

The concerned shareholders may note that even upon transfer the shares to IEPF Authority as above, they can claim the said shares along with dividend(s) from IEPF, for which detailed procedure and requirements are available at **www.iepf.gov.in.**

For further information concerned shareholders may contact any of the following addresses.

| Gravita India Limited | KFin Technologies Private Limited |
|---|---|
| **Registered Office:** "Saurabh" Chittora Road, Harsulia Mod, Diggi Malpura Road, Tehsil Phagi Jaipur-303904 (Rajasthan) **Corporate Office:** Gravita Tower, A-27B Shanti Path, Tilak Nagar, Jaipur-302004 (Rajasthan) Tel No. +91-141 4057700 Fax: +91-141-2621491 **Website: www.gravitaindia.com** | Unit: Gravita India Limited,Selenium Building, Tower-B, Plot No 31 & 32, Financial District,Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad,Rangareddi, Telangana, India - 500 032 Tel: 91-40-67162222 Toll Free No.: 1800-4254-034/35 **Email: einward.ris@kfintech.com** **Website: www.kfintech.com** |

**For Gravita India Limited**
Sd/-
**Nitin Gupta**
**(Company Secretary)**
FCS-9984

**Place** : Jaipur
**Date** : 25.11.2020

---

**Form No. INC-26**
(Pursuant to rule 30 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014)
**Before the Central Government Regional Director, Northern Region, New Delhi**
In the matter of sub-section (4) of Section 13 of Companies Act, 2013 and clause (a) of sub-rule (5) of rule 30 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014
**AND**
In the matter of
**USHUS ENERGY SYSTEMS PRIVATE LIMITED** (CIN: U40102DL2010PTC203086) having its Registered Office at **153,BLOCK-D,POCKET-11,SECTOR-7, ROHINI, NEW DELHI-110085**
.........**Applicant Company / Petitioner**

**NOTICE** is hereby given to the General Public that the company proposes to make application to the Central Government under section 13 of the Companies Act, 2013 seeking confirmation of alteration of the Memorandum of Association of the Company in terms of the special resolution passed at the Extra Ordinary General Meeting held on **17th November 2020** to enable the company to change its Registered office from **"National Capital Territory of Delhi"** to the **"State of Kerala"**.

Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change of the registered office of the company may deliver either on the **MCA-21 portal (www.mca.gov.in) by filing investor complaint form** or cause to be delivered or send by registered post of his /her objections supported by an affidavit stating the nature of his / her interest and grounds of opposition to the Regional Director, Northern Region, Ministry of Corporate Affairs, B-2 Wing, 2nd Floor, Pandit Deendayal Antyodaya Bhawan, CGO Complex, New Delhi-110003 within Fourteen days from the date of publication of this notice with a copy to the applicant company at its Registered Office at the address mentioned below:-
**153,BLOCK-D,POCKET-11,SECTOR-7, ROHINI, NEW DELHI-110085**

For & on behalf of Applicant
**USHUS ENERGY SYSTEMS PRIVATE LIMITED**
**Sd/-**
**RAJENDRA BIJU**
(Director)
**DIN: 03042340**

**Date :** 26.11.2020
**Place :** New Delhi

---

**JAL SHAKTI DEPARTMENT, JAMMU**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER JAL SHAKTI (PHE), DIVISION REASI**
**Fax: 01991-244323, E-mail: phereasi001@gmail.com**

**e-NIT No. PHERSI/68 of 2020-21** **Date: 18.11.2020**

**NOTICE INVITING E-TENDER**

For and on behalf of the Lt. Governor of UT of J&K e-tenders (Two cover System) Item Rate basis are invited from reputed and resourceful Contractors/Firms/Companies/Joint Venture of repute, which should be uploaded on the e-Procurement web portal http://www.jktenders.gov.in up to last bidding date: 11.12.2020 upto 16.30 PM for the subject work referred below and as per the details mentioned in this e-tender notification and to whom all the terms and conditions of detailed NIT/Tender Documents/ PWD Form No: 25 double are applicable. The detailed tender document and Specifications etc. can be downloaded on the e-procurement Portal http://www.jktenders.gov.in.The cost of tender documents (Non-refundable/ Non-Transferable) should be in the shape of e-challan/Treasury Receipt to be deposited in MH: 0215-WSS (Revenue Head) or through RTGS in J&K Bank Branch REASI in CD Bank Account No. 0029010200000829, IFSC code JAKA0REASSI in favour of Executive Engineer, Jal Shakti (PHE), Division REASI and the proof of having made such payment shall have to be uploaded in Cover-I:

| S. No. | Name of Work | Adv. Cost of work In Lacs | Earnest Money In Rs. | Class of Contractor | Cost of Document | Period of Completion | MH of Account |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **A**. RETROFITTING AND AUGMENTATION OF WATER SUPPLY SCHEME ALLYA UNDER JAL JEEVAN MISSION INCLUDING CIVIL, ELECTRICAL & ELETRO-MECHANICAL COMPONENTS, CONDUCTING COMPLETE NECESSARY SURVEY, SOIL TESTS & DESIGN AS REQUIRED AT SELECTED SITE, AS PER THE PARAMETERS/ SPECIFICATIONS | 136.80 | 273600/- | "A" | 5000/- | 6 Months | JJM |
| | **B** Operation & Maintenance of critical components as per SBD for a period of three years. i) 1st year ii) 2nd year iii) 3rd year | Inclusive in A) | ---- | ---- | ---- | 1st year 2nd year 3rd year | |

**No: PHER/6685-6733**
**Dated: 18.11.2020**
**DIPJ-7930/20**

**Sd/-**
**Executive Engineer**
**Jal Shakti Division Reasi**

---

**pnb Housing Finance Limited**

**Regd. Office : 9th Floor, Antriksh Bhawan, 22, K.G. Marg, New Delhi-110001**
**Phones : 011-23357171, 23357172, 23705414, Website : www.pnbhousing.com**
**BRANCH ADDRESS : SCO-323-324, First Floor, Sector- 35-B, Chandigarh-160035, Ph No. 0172-2601408, Email: chandigarh@pnbhousing.com, website:- www.pnbhousing.com**

**POSSESSION NOTICE (FOR IMMOVABLE PROPERTY)**

**Whereas the undersigned being the Authorised Officer of the PNB Housing Finance Ltd. under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets & in compliance of Rule 8(1) of Enforcement of Security Interest Act, 2002, and in exercise of powers conferred under section 13(12) read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules 2002,** issued demand notice/s on the date mentioned against each account calling upon the respective borrower/s to repay the amount as mentioned against each account within 60 days from the date of notice(s)/ date of receipt of the said notice/s.

The borrower/s having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrower/s and the public in general that the undersigned has taken possession of the property/ies described herein below in exercise powers conferred on him/her under Section 13(4) of the said Act read with Rule 8 of the said Rules on the dates mentioned against each account.

The borrower/s in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property/ies and any dealing with the property/ies will be subject to the charge of PNB Housing Finance Ltd., for the amount and interest thereon as per loan agreement. **The borrowers' attention is invited to provisions of Sub-section (8) of Section13 of the Act, in respect of time available, to redeem the secured assets.**

| S. No. | Loan Account No. | Name of the Borrower/Co-Borrower /Guarantor | Date of Demand Notice | Amount Outstanding | Date of Possession Taken | Description of the Property Mortgaged |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | NHL/CHD/ 0717/407502 B.O. Chandigarh | Mr. Swatantar Aggarwal S/o Sh. Hari Chand Aggarwal & Mrs. Payal Aggarwal W/o Sh. Swatantar Aggarwal | 16.01.2020 | Rs. 3,13,11,933.01 (Rupees Three Crore Thirteen Lakh Eleven Thousand Nine Hundred Thirty Three and One Paisa Only) as on 16.01.2020 | 20.11.2020 (Symbolic) | Property Opposite Bus Stand- Showroom- Tadadi 1 Kanal 9 Marle Vaka Mauja Naraingarh, Hadbast No. 88, Tehsil- Naraingarh Distt- Ambala, Khewat No. 568, Khotni No. 605, Khasra No. 9//23/1/2(0-12) And Khewat No. 569, Khatoni No. 606, Khasra No. 9//24/1/1(0-17) Total 1 Kanal 9 Marle, Naraingarh, **Distt- Ambala, Haryana - 134203. (As Per Sale Deed No. 294, Dated 29.04.2015, In Favour Of Mrs. Payal Aggarwal W/o Mr. Swatantar Aggarwal)** |

**PLACE :CHANDIGARH, DATE : 25-11-2020** **AUTHORIZED OFFICER, PNB HOUSING FINANCE LTD.**

---

Member of BTG Global Advisory
www.btgga.com

**INTEGRATED CAPITAL SERVICES LIMITED**
**Restructuring Advisory and Support**

**Registered Office:** 606 New Delhi House, 27 Barakhamba Road, New Delhi - 110 001
**T/F:** + 91 11 4354 2784, **WhatsApp:** + 91 9811903458,
**E-mail:** contact@raas.co.in, **Website:** www.raas.co.in
**Corporate Identification Number L74899DL1993PLC051981**

**Notice of Extra-Ordinary General Meeting ("EGM")**
**E-Voting Information and Book Closure**

Notice is hereby given that the Extra-Ordinary General Meeting ("EGM") of the Members of the Company will be held on **Thursday, December 17, 2020, 2020 at 10:00 a.m. IST through Video Conferencing ("VC") / Other Audio-Visual Means ("OAVM")** to transact to business as set out in the Notice convening the EGM. The EGM will be held through VC/OAVM without the physical presence of the Members in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 ("the Act) and Rules framed thereunder and the SEBI (Listing Obligation and Disclosures Requirements) Regulations, 2015 (SEBI Listing Obligation Regulations) read with General Circular No's 17/2020 dated April 13, 2020 and General Circular No. 20/2020 dated May 15, 2020 issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA Circulars") and Circular No. SEBI/HO/CFDF/CMD/1/CIR/P/2020/79 dated May 12, 2020 issued by the Securities & Exchange Board of India ("SEBI Circular").

In compliance with the MCA Circulars and SEBI Circulars, the Notice of the EGM of the Company has been sent to all the members of the Company whose email addresses are registered with the Company/Depository Participant(s). The Notice of the EGM is available on the Company's website viz. **www.raas.co.in.** and may also be assessed from the relevant section of the website of the stock exchange, i.e BSE Limited at **www.bseindia.com** and on the website of NSDL at **www.evoting.nsdl.com.**

The details such as manner of (i) registering / updating email addresses, (ii) casting vote through e-voting and (iii) attending the EGM through VC / OAVM, has been set out in the Notice of the EGM.

Notice is also hereby given pursuant to Section 91 of the Act read with applicable rules thereunder and Regulation 42 of the SEBI Listing Regulations,that the Registrar of Members and the Share Transfer Books of the Company will remain closed from **Friday, December 11, 2020 to Thursday, December 17, 2020, (both days inclusive) for the purpose of EGM.**

Further pursuant to the provision of Section 108 of the Act read with applicable rules thereunder and Regulation 44 of the SEBI Listing Regulations, the Company is providing to its Members the facility of remote e-voting before the EGM, and during the EGM in respect of businesses to be transacted at the EGM and for the purpose, the Company has appointed NSDL, for facilitating voting through electronic means. The EGM notice, inter-alia, mentions the process and manner of remote e-voting and e-voting during EGM and instructions with regard to login credentials for members holding shares in physical form or in in demat form, who have not registered their email addresses either with the Company. The voting rights, by remote e-voting of the Members shall be proportion to the share in the paid up equity share capital of the Company as on the cut off date, **Thursday, December 10, 2020.**

All the members are informed that (a) the business are set out in the notice of EGM shall be transacted through voting by electronic means, (b) the remote e-voting shall commence on **Monday, the December 14, 2020 at 9.00 AM (IST)** (c) the remote e-voting shall end on **Wednesday, the December 16, 2020 at 5.00 PM (IST)** (d) the cut off date of reckoning the rights of Members for remote e-voting is **Thursday, December 10, 2020,**(e) the remote e-voting not be allowed **after 5.00 PM on Wednesday, the December 16, 2020,** (f) E-voting shall also be made available at the EGM.(g) persons whose names is recorded in the register of Members /Beneficial Owners maintained by the depositories as on cut off date i.e **Thursday, December 10, 2020** shall only be entitled to avail the facility of remote e-voting at the EGM,(h) persons whose have acquired shares and becomes members of the Company after the notice has been sent electronically and holding shares as on the cut off date i.e **Thursday, December 10, 2020** may obtain the login Id and password by sending a request at **evoting@nsdl.co.in** or **delhilinkintime.co.in**, and in case of queries members may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call toll free number: **1800-222-990** or sent a request at evoting@nsdl.co.in.

The Company has appointed Mr. Rajesh Lakhanpal (FCS 5679), Company Secretary in Practice, as the scrutinizer to scrutinize the Remote e-voting and e-voting process in fair and transparent manner.

Members holding shares in physical mode are requested to inform if there has been a change in their address to the Company's RTA, i.e Link In Time India Private Limited, Noble Heights, 1st Floor, Plot No. NH-2, C-1, Block, LSC Near Savitri Market, Janakpuri, New Delhi-110058 and members holding shares in demat mode should inform their Depository Participants about change in their address.

For **Integrated Capital Services Limited**
Sd/- **Lakshay Prakash**
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Date** : 25.11.2020.
**Place** : New Delhi.

## संक्षिप्त समाचार...

### एयरलाइन कंपनियों का नुकसान 118.5 अरब डॉलर रहने का अनुमान

**नयी दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर विमानन कंपनियों का नुकसान वर्ष 2020 में 118.5 अरब डॉलर और वर्ष 2021 में 38.7 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। विमानन कंपनियों के वैश्विक संगठन अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात संघ (आईएटीए) के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि यह जून में लगाए गए अनुमान से बदतर स्थिति है। आईएटीए के मुख्य अर्थशास्त्री ब्रायन पियर्से ने कहा कि 2020 की दूसरी छमाही काफी निराशाजनक रही। जून में वैश्विक स्तर पर विमानन कंपनियों को 2020 में 84.3 अरब डॉलर और 2021 में 15.1 अरब डॉलर का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया था। कोरोना वायरस महामारी के चलते लगे यात्रा प्रतिबंधों की वजह से 2020 में वैश्विक हवाई यातायात में बेहद कमी आयी है। पियर्से ने वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चालू वर्ष की दूसरी छमाही काफी निराशाजनक रही है। इसके चलते हमें अपने अनुमानों को और नीचे गिराने पर मजबूर होना पड़ा है। 2020 में विमानन उद्योग को कुल 118.5 अरब डॉलर के नुकसान होने का अनुमान है।

### अनचाहे व्यावसायिक कॉल नहीं रोकने पर दूरसंचार कंपनियों पर जुर्माना लगाया

**नयी दिल्ली/पीटीआई।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि अनचाहे व्यावसायिक कॉल पर रोक नहीं लगाने को लेकर उसने बीएसएनएल, रिलायंस जियो, एयरटेल और वोडाफोन जैसी कंपनियों पर अप्रैल-जून,2020 में 34,000 से 30 करोड़ रुपये तक का अर्थ दंड लगाया है। मुख्य न्यायमूर्ति डीएन पटेल और न्यायमूर्ति प्रतीक जालान की पीठ ने इस मामले में कार्रवाई करने के लिए आठ हफ्ते का वक्त दिया था। साथ ही इसमें विफल रहने पर दंडात्मक कार्रवाई करने के प्रति चेतावनी भी दी थी। अदालत के ये निर्देश वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान आए थे। पेटीएम का परिचालन करने वाली इस कंपनी ने दूरसंचार कंपनियों पर उनके नेटवर्क पर फिशिंग की गतिविधियों को नहीं रोकने का आरोप लगाया था। ट्राई ने कहा कि अप्रैल, मई और जून में अनचाहे व्यावसायिक कॉल पर रोक लगाने में विफल रहने पर सार्वजनिक क्षेत्र की बीएसएनएल पर 30 करोड़ रुपये का अर्थदंड लगाया गया। इसके अलावा प्रक्रिया संहिता का पालन नहीं करने के लिए उस पर 10 लाख रुपये का अतिरिक्त जुर्माना लगाया गया। इसी तरह एयरटेल, वोडाफोन, क्वाडरैंट टेलीवेंचर्स और रिलायंस जियो पर क्रमशः 1.33 करोड़ रुपये, 1.82 करोड़ रुपये, 1.41 करोड़ रुपये और 14.99 लाख रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया। इसके अलावा महानगर टेलीकॉम निगम लिमिटेड पर 1.73 लाख रुपये, टाटा टेलीसर्विसेस लिमिटेड पर 15.01 लाख रुपये और वी-कॉन मोबाइल एंड इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड पर 34,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ट्राई ने कहा कि इस संबंध में 23 नवंबर को आदेश पारित किया गया। कंपनियों को यह जुर्माना आदेश जकी तारीख से 20 दिन के भीतर जमा करना है।

### सरकार भारतीयों को उड़ान सेवा देने के लिये तैयार

**नयी दिल्ली/पीटीआई।** सरकार सऊदी अरब जैसे देशों के लिये यात्रियों को विमानन सुविधा देने को तैयार है, बशर्ते कि वे देश भारतीय नागरिकों के प्रवेश पर पाबंदियां हटाते हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि भारत छह मई से वंदे भारत मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन कर रहा है और अब 22 देशों के साथ एयर बबल की व्यवस्था है। मंत्रालय ने कहा कि सऊदी अरब सहित कुछ देशों ने भारतीय नागरिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध नहीं हटाया है। हम इन देशों के लिये यात्रियों को उड़ान सेवा देने के लिये तैयार हैं। द्विपक्षीय एयर बबल समझौते के तहत, दोनों देशों की एयरलाइंस कुछ पाबंदियों के साथ अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित कर सकती हैं। भारत ने दो महीने के अंतराल के बाद 25 मई को घरेलू यात्री उड़ानों को फिर से शुरू किया। महामारी के कारण 23 मार्च से अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानें भारत में निलंबित हैं।

# एपेरल रिटेलर्स को दिया फेस्टिव सीजन ने बूस्ट



**नई दिल्ली/एजेंसी।** देश की नामी एपेरल रिटेलर्स ने गत वर्ष के त्यौहारी सीजन के मुकाबले में इस बार साठ से नब्बे फीसदी सेल्स प्राप्त की है। इस बार एथनिक वियर, किड्स क्लोथिंग, विंटर और ओकेजनल वियर की बिक्री सबसे ज्यादा रही। अरविंद फैशन्स, वी-मार्ट, स्पाइकर और बीबा के अनुसार इस बार पेंट अप डिमांड काफी ज्यादा रही। वेडिंग, विंटर सीजन के आगाज के कारण एपेरल रिटेलर्स ने अच्छा कारोबार कर लिया। महिनों की बिक्री समस्या के बाद फेस्टिव सीजन अच्छा रहा। अरविंद फैशन्स के प्रबंध निदेशक के अनुसार त्यौहारी सीजन अच्छा रहा। वे 75 से 80 प्रतिशत की उम्मीद कर रहे थे लेकिन यह तो गत वर्ष से 85 से 90 प्रतिशत के करीब नजर आ रहा है। गौरतलब है कि अरविंद फैशन्स, यूएस पोलो एसोसिएशन, एरो, टॉमी हिलफिगर, कैल्विनक्लीन, फ्लाइंग मशीन, अनलिमिटेड और सेफोरा ब्राण्ड्स की देश में रिटेलिंग करती है। विशेषज्ञों का कहना है कि गत वर्ष से तो कारोबार कम रहा है लेकिन फिर भी इंटरनल एस्टीमेंट से सीजन बेहतर गया है। अब तो शादियों का सीजन शुरू हो गया है, इसका असर बिक्री पर सकारात्मक रूप में नजर आ सकता है। कोविड 19 के कारण कन्जम्पशन पैटर्न बदल चुका है लेकिन फेस्टिव सीजन में रिकवरी देखने को मिली है। ऑनलाइन लेवल पर बिक्री ज्यादा नजर आई। ऑफलाइन स्टोर्स पर फुटफॉल्स की कमी नजर आई।

बीबा इन्डिया के एक अधिकारी ने कहा कि गत वर्ष की तुलना में कारोबार 60 से 65 प्रतिशत ही रहा। पश्चिमी भारत, बैंगलुरु और चेन्नई में तो बिक्री काफी कम रही। गौरतलब है कि बीबा एथनिक वियर का विक्रय करती है। वर्क फ्रॉम होम के कारण महिनों से कैज्युअल वियर की बिक्री चल रही थी लेकिन दिवाली पर सेमी फॉर्मल और फॉर्मल वियर की बिक्री नजर आई। यह भी देखने में आया कि 'नीड बेस्ड' प्रोडक्ट्स की बिक्री हुई और लोगों ने अतिरिक्त बाइंग नहीं की। दिवाली पर नये वस्त्रों की बिक्री होती है और वह ट्रेंड देखने को मिला। इसे नीड बेस्ड शॉपिंग ही कहा जायेगा। वैल्यू रिटेलर वी-मार्ट के अनुसार गत वर्ष की तुलना में फेस्टिव सीजन पर 70 से 80 प्रतिशत बिक्री रही। गत वर्ष की तुलना में अक्टूबर में हल्की सर्दी रही और इसका असर बिक्री पर नजर आया। नवरात्रा के बाद सेल आने लगी जो दिवाली तक चली। अब सर्दियां और शादियों का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में बिक्री रहने की उम्मीद है। जिस तरह से देशभर में कोविड का असर फिर से बढ़ रहा है, उसे देखते हुए सेल्स किस ओर जायेगी, कहा नहीं जा सकता।

स्पाइकर सूत्रों के अनुसार गत वर्ष के मुकाबले में बिक्री 60 प्रतिशत के आसपास रही है। गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तरी भारत में बिक्री एट पार रही है। दिल्ली और मुम्बई में बिक्री कम रही। इन दोनों शहरों में कोरोना का असर सबसे ज्यादा रहा है और अब भी है। हालांकि रिटेलर्स को पूरे साल कोविड के कारण ओवरऑल सेल्स में गिरावट देखने को मिली लेकिन फेस्टिव सीजन के साथ उम्मीद बंधी है।

## ट्विटर 2021 की शुरुआत में ब्लू टिक को वापस लाएगा

**नयी दिल्ली/पीटीआई।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्विटर अपने खातों के सत्यापन की प्रक्रिया अगले साल की शुरुआत में फिर शुरू करेगा, जिसके तहत सक्रिय और प्रामाणिक उपयोगकर्ताओं के खातों को ब्लू टिक दिया जाता है। ट्विटर ने अपने सार्वजनिक सत्यापन कार्यक्रम को तीन साल पहले रोक दिया था क्योंकि उसे प्रतिक्रिया मिली थी कि कई लोगों को यह मनमाना और भ्रमित करने वाला लगा। हालांकि, ट्विटर ने विशेष मामलों में खातों को ब्लू टिक देने जारी रखे।

ट्विटर ने एक ब्लॉग पोस्ट में लिखा कि एक साल बाद हमने 2020 के अमेरिकी चुनाव के मौके पर सार्वजनिक बातचीत में ईमानदारी बनाए रखने के लिए इस काम को आगे बढ़ाया। माइक्रोब्लॉगिंग मंच अब प्रक्रिया को फिर से शुरू कर रहा है और जनता से 24 नवंबर से आठ दिसंबर, 2020 तक अपनी नई सत्यापन नीति के मसौदे पर प्रतिक्रिया देने के लिए कहा है। ब्लॉग में कहा गया है कि इस नीति के आधार पर भविष्य में सुधार किए जाएंगे कि सत्यापन का मतलब क्या है, सत्यापन के लिए कौन योग्य है और अधिक न्यायसंगत प्रक्रियाष्् सुनिश्चित करने के लिए क्यों कुछ खाते सत्यापन खो सकते हैं।

ट्विटर ने कहा कि हम 2021 की शुरुआत में एक नई सार्वजनिक आवेदन प्रक्रिया के साथ सत्यापन को फिर से शुरू करने की योजना बना रहे हैं, प्रस्तावित नीति के अनुसार ट्विटर पर ब्लू वेरिफाइड बैज लोगों को बताता है कि यह सार्वजनिक हित का एक प्रामाणिक खाता है। ट्विटर ने कहा कि ब्लू टिक पाने के लिए खाता उल्लेखनीय और सक्रिय होना जरूरी है।

### एंट्री लेवल फोन..




*सैमसंग ने वर्ष 2021 के लिए दो नये एंट्री लेवल फोन लाने की घोषणा की है।*
*- आईएएनएस*

## देश में 271 अरब डॉलर के लेनदेन कैश से डिजिटल होने का अनुमान



**नयी दिल्ली/पीटीआई।** देश में 270.7 अरब डॉलर के करीब 66.6 अरब लेनदेन 2023 तक नकदी के बजाय कार्ड या डिजिटल माध्यम से होने का अनुमान है। एक्सेंचर की रिपोर्ट के मुताबिक 2030 तक इसके बढ़कर 856.6 अरब डॉलर पर पहुंचने की उम्मीद है। एक्सेंचर की भुगतान आधुनिकीकरण में लंबी पारी रिपोर्ट के अनुसार कोविड.19 महामारी के चलते डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ा है। यह बैंकों के लिए उनकी भुगतान प्रणाली के आधुनिकीकरण की जरूरत को भी बढ़ा रहा है। इस रिपोर्ट को तैयार करने के लिए बैंकों में 120 भुगतान कार्यकारियों के बीच सर्वेक्षण किया गया। बैंकों ने गैर-बैंकिंग डिजिटल भुगतान सेवाप्रदाताओं से प्रतिस्पर्धा करने और नए दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए अपनी भुगतान प्रणाली पर कई वर्ष के लिए निवेश किया है। यह सर्वेक्षण इस साल जुलाई-अगस्त के बीच किया गया। इसमें ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, भारत, नॉर्वे, सिंगापुर, थाइलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका के बाजारों को शामिल किया गया। रिपोर्ट में 2023 तक विश्वस्तर पर 7,000 अरब डॉलर के करीब 420 अरब लेनदेन नकद से कार्ड या डिजिटल पर स्थानांतरित होने का अनुमान जताया गया है। इसके 2030 तक बढ़कर 48,000 अरब डॉलर पर पहुंचने की उम्मीद है।

## एक जनवरी से लैंडलाइन से मोबाइल पर कॉल में नंबर से पहले लगाना होगा शून्य

**नयी दिल्ली/पीटीआई।** देशभर में लैंडलाइन से मोबाइल फोन पर कॉल करने के लिए ग्राहकों को एक जनवरी से नंबर से पहले शून्य लगाना अनिवार्य होगा। दूरसंचार विभाग ने इससे जुड़े ट्राई के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने इस तरह के कॉल के लिए 29 मई, 2020 को नंबर से पहले शून्य लगाने की सिफारिश की थी। इससे दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों को अधिक नंबर बनाने की सुविधा मिलेगी। दूरसंचार विभाग ने 20 नवंबर को जारी एक परिपत्र में कहा कि लैंडलाइन से मोबाइल पर नंबर डायल करने के तरीके में बदलाव की ट्राई की सिफारिशों को मान लिया गया है।

इससे मोबाइल एवं लैंडलाइन सेवाओं के लिए पर्याप्त मात्रा में नंबर बनाने की सुविधा मिलेगी। परिपत्र के मुताबिक उक्त नियम को लागू करने के बाद लैंडलाइन से मोबाइल पर कॉल करने के लिए नंबर से पहले शून्य डायल करना होगा।

दूरसंचार विभाग ने कहा कि दूरसंचार कंपनियों को लैंडलाइन के सभी ग्राहकों को शून्य डायल करने की सुविधा देनी होगी। यह सुविधा अभी अपने क्षेत्र से बाहर के कॉल करने के लिए उपलब्ध है। दूरसंचार कंपनियों इस नयी व्यवस्था को अपनाने के लिए एक जनवरी तक का समय दिया गया है। डायल करने के तरीके में इस बदलाव से दूरसंचार कंपनियों को मोबाइल सेवाओं के लिए 254.4 करोड़ अतिरिक्त नंबर सृजित करने की सुविधा मिलेगी। यह भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगी।

# फेस्टिव सीजन में चाइनीज स्मार्टफोन के अच्छे दिन

**नई दिल्ली/एजेंसी।** भारत के फेस्टिवल सीजन ने चीन की स्मार्टफोन कंपनियों के लिए अच्छे दिन ला दिए हैं, जो पिछले कुछ दिनों से चीनी सामान के बायकाट की अपील के चलते अपने प्रोडक्ट यहां सप्लाई नहीं कर पा रहे थे। फेस्टीवल सीजन में चीनी स्मार्टफोन की बिक्री पिछले वर्ष की ही तरह हुई, जिससे इन कंपनियों को बड़ी राहत है कि इंडियन मार्केट में अभी भी उनका दबदबा बना हुआ है। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद के चलते कई कस्टमर्स ने चीनी सामान खरीदना बंद कर दिया था।। इससे साउथ कोरिया की कंपनी सैमसंग को मौका मिला और चीनी कंपनी शाओमी के कस्टमर उसने खींच लिए। इस तरह सितंबर क्वार्टर में वह भारत में टॉप स्मार्टफोन ब्रांड बन चुकी है। भारत में चीन के 4 प्रमुख स्मार्टफोन ब्रांड्स का मार्केट शेयर जून क्वार्टर में 66 फीसदी था, जो कि मार्च क्वार्टर में 73 फीसदी था। काउंटरपॉइंट रिसर्च के मुताबिक सितंबर क्वार्टर में यह और घटकर 64 फीसदी के लेवल्स पर रह गया है।




चीन की कंपनी रियलमी ने अक्टूबर और नवंबर में 83 लाख प्रोडक्ट्स बेचे, जिनमें 63 लाख स्मार्टफोन थे। यह बिक्री पिछले वर्ष के फेस्टीवल सीजन की तुलना में 20 फीसदी से भी ज्यादा है। अन्य चीनी स्मार्टफोन ब्रांड वीवो के मुताबिक इस फेस्टीवल सीजन के दौरान अक्टूबर में उसकी बिक्री पिछले वर्ष से करीब 25 फीसदी ज्यादा रही। काउंटरपॉइंट रिसर्च और अन्य मार्केट रिसर्च फर्म सीएमआर के मुताबिक सितंबर क्वार्टर में शाओमी लीडरशिप पोजिशन पर नहीं रही। उसने इस फेस्टिवल सीजन में ऑनलाइन व ऑफलाइन मिलाकर करीब 90 लाख स्मार्टफोन बेचे। शाओमी के मुताबिक यह पिछले वर्ष से 15-20 फीसदी ज्यादा है। एमआई इंडिया के चीफ बिजनेस ऑफिसर ने कहा कि वह इस फेस्टिव सीजन में एमआई इंडिया ने अब तक की सबसे ज्यादा बिक्री दर्ज की है। चौथे क्वार्टर में भी उन्हें हायर डिमांड की उम्मीद है और उनके लिए इस वर्ष का रिजल्ट अच्छा रहने वाला है। चीनी ब्रांड्स का मार्केट शेयर कम होने के बावजूद अट्रैक्टिव प्राइसेज के कारण उनके लिए कस्टमर्स की कमी नहीं है। टेक्नोलॉजी मार्केट रिसर्च फर्म टेकआर्क ने 30 अक्टूबर को रिपोर्ट जारी की है। जिसके अनुसार चीनी ब्रांड वनप्लस व रियलमी अभी भी हाई-क्वालिटी प्रोडक्ट की वजह से एप्पल और सैमसंग से ऊंचे पायदान पर है। हालांकि एक्सपर्ट्स दिसंबर क्वार्टर के दौरान मार्केट शेयर की स्थिति को लेकर खामोश हैं।

कैनालिस के रिसर्च डायरेक्टर ने कहा कि इस बिक्री को इन्वेंटरी क्लीयरिंग के नजरिए से देखा जाना चाहिए। यह इसका संकेत नहीं है कि दिसंबर क्वार्टर में चीनी ब्रांड्स का मार्केट शेयर बढ़ रहा है या घट रहा है। इसके अलावा इस बार दीवाली से पहले ही अमेजॉन और फ्लिपकार्ट ऑनलाइन सेल्स कर चुकी थी और उनका बिजनेस पिछले वर्ष से ज्यादा रहा। काउंटरपॉइंट रिसर्च के सीनियर एनालिस्ट ने कहा कि मार्केट को लेकर इस समय कोई भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगी। पिछले (सितंबर) क्वार्टर में नंबर वन पोजिशन के लिए शाओमी और सेमसंग के बीच कड़ा मुकाबला रहा। दोनों के मार्केट शेयर में सिर्फ एक फीसदी का अंतर है।

एक्सपर्ट्स मानते हैं कि इस बार दीवाली देर से आई और फेस्टिव शिपमेंट्स अक्टूबर और नवंबर में पहुंचे। इसके अलावा सैमसंग फोन की भारी डिमांड रही, लेकिन वह जुलाई-अगस्त में हुई बिक्री की बराबरी ही करता रहा, जब चीनी ब्रांड्स की सप्लाई कम हो गई थी और पोर्ट्स पर उनके कंपोनेंट्स अटक गए थे, साथ ही प्रोडक्शन कैपेसिटी भी कम हो गई थी। माइक्रोमैक्स नवंबर के अंत तक बजट और मिड-सेगमेंट में स्मार्टफोन के साथ मार्केट में वापसी कर रही है और सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान से उसे बहुत उम्मीदें हैं। वह इस फेस्टिवल सीजन का लाभ नहीं उठा सकी।

GRAVITA INDIA LIMITED
**पंजीकृत कार्यालय :** 'सौरभ', चित्तौड़ा रोड, हरसूलिया मोड, डिग्गी-मालपुरा रोड, तह. फागी, जयपुर-303 904
**CIN :** L29308RJ1992PLC006870

**अंशधारकों हेतु सूचना**

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (IEPF) अकाउंट में शेयर्स के हस्तांतरण हेतु
**(कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 124(6) के अन्तर्गत)**

कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 125(6) सपठित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (IEPF) अधिकरण (गणना, लेखा, हस्तांतरण एवं प्रतिदाय) संशोधन नियम, 2017 के अंतर्गत कम्पनी को उन समस्त शेयर्स, जिनका लाभांश निरन्तर 7 वर्षों से अदत्त या दावारहित है, को केन्द्र सरकार द्वारा स्थापित IEPF खाते में हस्तांतरित करना है।

एतद द्वारा कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के अनुच्छेद 124 सपठित कारपोरेट मामलात मंत्रालय द्वारा अधिसूचित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (गणन, लेखा, हस्तांतरण एवं प्रतिदाय) नियम, 2016 तथा निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (गणन, लेखा, हस्तांतरण एवं प्रतिदाय) संशोधन नियम 2017 (नियम) के प्रावधानों के अनुसरण में कम्पनी द्वारा वे सभी शेयर्स जिनका लाभांश अंशधारकों द्वारा निरन्तर 7 वर्षों से अदत्त या दावा रहित है, को निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि खाते में हस्तांतरित किया जाना है। ऐसे अंशधारकों की सूची, जिन्होने निरन्तर 7 वर्षों से अपने लाभांश को नहीं भुनाया है तथा जिनके शेयर्स IEPF खाते में हस्तांतरण किये जाने योग्य हैं, कम्पनी की वेबसाइट **www.gravitaindia.com** पर प्रदर्शित की गई है।

तदनुसार, कम्पनी द्वारा विशिष्ट सूचना संबंधित अंशधारकों को, जिनके शेयर्स वित्तीय वर्ष 2020-21 की अवधि में IEPF प्राधिकरण में हस्तांतरण योग्य हैं, उपर्युक्त नियमों के अन्तर्गत कम्पनी में पंजीकृत उनके पतों पर भेज दिये गये हैं, जिसमें IEPF में हस्तांतरण किये जाने वाले शेयर्स का विवरण दिया गया है।

संबंधित अंशधारकों द्वारा इन शेयर्स का दावा करने हेतु कम्पनी से सम्पर्क किये जाने की अन्तिम तिथि 15.02.2021 है। जिसमें असफल होने पर कम्पनी द्वारा IEPF नियमों के अन्तर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप शेयर्स को IEPF प्राधिकरण को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। कृपया नोट करें कि यदि कम्पनी या रजिस्ट्रार द्वारा 15.02.2021 या पूर्व कोई प्रतिक्रिया या दावा प्राप्त नहीं होता है, कम्पनी बिना अन्य कोई सूचना दिये ऐसे अदत्त/दावारहित लाभांशों एवं शेयर्स को IEPF खाते में हस्तांतरित करने को बाध्य होगी।

सम्बद्ध अंशधारक नोट करें कि उपर्युक्त अनुसार शेयर्स IEPF अधिकरण में हस्तांतरित होने के बाद भी वे उक्त शेयर्स की लाभांश सहित IEPF से मांग कर सकते हैं जिसकी विस्तृत प्रक्रिया एवं आवश्यकताएं **www.iepf.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

अधिक जानकारी हेतु सम्बद्ध अंशधारक निम्नांकित पतों में से किसी से भी सम्पर्क कर सकते हैं।

**ग्रेविटा इण्डिया लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालय :** 'सौरभ', चित्तौड़ा रोड, हरसूलिया मोड, डिग्गी-मालपुरा रोड, तह. फागी, जयपुर-303 904 (राजस्थान)
**रजिस्टर्ड कार्यालय :** ग्रेविटा टावर, ए-27बी, शांति पथ, तिलक नगर, जयपुर - 302 004 (राजस्थान)
फोन : +91-141 4057700 फैक्स : +91-141-2621491
वेबसाइट : **www.gravitaindia.com**

**के. फिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड**
इकाई : ग्रेविटा इण्डिया लिमिटेड,
सेलेनियम बिल्डिंग, टावर-बी, प्लॉट नं. 31 व 32,
फाइनेन्शियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरन्गुढ़ा, सेरिलिंगमपल्ली,
हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना भारत- 500032
फोन : +91-40-67162222
टोल फ्री नं. : 1800-4254-034/35
ई-मेल : **einward.ris@kfintech.com**
वेबसाइट : **www.kfintech.com**

**स्थान :** जयपुर
**दिनांक :** 25.11.2020

**ग्रेविटा इण्डिया लिमिटेड**
ह./-
**नितिन गुप्ता**
(कम्पनी सचिव)
FCS-9984